# भोजनालय



**गेलैक्सी एक्सप्रेस**
**वेकेषन या अवकाषीय बाइबल स्कूल**
नाष्ता स्टेषन

# भोजनालय

## नाष्ता स्टेषन


### स्नैक्स दिन 1

## रोबट

(जलपान स्टेशन)

एक बिस्कुट या क्रैकर से शुरुआत करें, कागज पर क्रैकर के चारों ओर रोबोट को बनाएं और उस बिस्कुट पर छोटे चॉकलेट (Gems) रखें।

या...एक स्वस्थ रोबोट बनाने के लिए थोड़ी सी क्रीम मक्खन का उपयोग करें और छोटी कटी हुई जमी हुई सब्जियों पर चिपका दें। यदि आप चाहें तो आप कागज पर पहले से तैयार रोबोट से भी शुरुआत कर सकते हैं।



फैक्टोइड़ (अंतरिक्ष अमलीकरण जिसे जलपान के दौरान चर्चा करें।)

## टेलिस्कोप

टेलिस्कोप (दूरदर्शक यंत्र) अद्‌भुत चीज हाती है। इनके द्वारा हम पृथ्वी के फैलावट को देखते हैं। पृथ्वी से हम अपने आखों से चन्द्रमा और ग्रहों को अच्छी तरह देख नहीं सकते हैं। वह तो आकाश मे छोटे-छोटे बिन्दुओं के समान लगते हैं। लेकिन टेलिस्कोप के द्वारा हम उसे नजीक देख पाते हैं। ग्रहों में हम ज्वालामुखी, आकाश-गंगा और अन्य रोचक वस्तुएँ देख सकते हैं। टेलिस्कोप के माध्यम से हम दूर के चिजों को पास ही देख सकते हैं।

कभी-कभी हम अपने को क्षुद्र पाते हैं। तारों से भरी हुई संसार में हम अपने को एक छोटी सी तारा के समान अपने को पाते हैं। हम कई बार सोचते हैं कि हमें कोई नहीं देखता, लेकिन परमेश्वर हमें नजीक से देखता है। ऐसा लगता है कि उसके पास एक टेलिस्कोप है और संसार के हजारों लोगों के होते हुए भी वह हमें पास से देखता है।

### स्नैक्स दिन 2

## मूसा की जलती झाड़ी

(जलपान स्टेशन)

फूलगोभी के छोटे टुकड़े छोटी झाड़ियों की तरह दिखते हैं और उस झाड़ी का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं जिसे मूसा ने जलते हुए देखा था।फूलगोभी को छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें और उसे पकाएं/उबाल लें। आग की लपटों की तरह दिखने के लिए उन्हें टमाटर सॉस या चटनी में डुबोएं!







फैक्टोइड़ (अंतरिक्ष अमलीकरण जिसे जलपान के दौरान चर्चा करें।)


## आश्चर्यजनक आकार

क्योंकि परमेश्वर हमारे नाम को जानता है और हमें प्यार करता है, हम अपने आप को संसार में महत्वपूर्ण और बढ़े समझ सकते हैं। जैसा भेनस, मार्स, मरक्युरी और प्लुटो के साम्हने पृथ्वी बढ़ा सा दिखता है (पोस्टर 2 दिखाना)। लेकिन जब तुम पृथ्वी को जुपिटर, साटर्न, युरानस और नेप्टुन से तुलना करोगे तो उसे छोटे पाओगे (पोस्टर 3)। अन्य पोस्टरों को देखो (पोस्टर 4-6) ब्रम्हांड के इतने बढ़े फैलाव में भी परमेश्वर तूम्हे जानता है, लेकिन जब वह तुम्हे पुकारता है, तूम्हे उत्तर देना होगा। तुम अपने आप को महत्वपूर्ण समझ सकते हो, पर यह मत भूलना कि वास्तव में बहुत छोटे हो।

## स्नैक्स दिन 3

### विपत्तियों
(जलपान स्टेशन)

विद्यार्थियों को विभिन्न सामग्रियों का उपयोग करते हुए एक मेंढक बनाने का तरीका दिखाएं। मेंढक के शरीर के लिए एक छोटे सेब या बिस्कुट का इस्तेमाल करें। हरे अंगूर, या "लिटिल हार्ट्स" बिस्कुट से पैर बना सकते हैं। आँखों के लिए कैंडी, किशमिश या चॉकलेट के टुकड़े ले सकते हैं। गाजर के एक छोटे टुकड़े से जीभ बनाएं। अतिरिक्त मस्ती के लिए बच्चों को अपने स्वयं के तरीके से मेंढक को बनाने दें।

फैक्टोइड़ (अंतरिक्ष अमलीकरण जिसे जलपान के दौरान चर्चा करें।)

### गति

परमेश्वर ने संसार में गति को नियुक्त किया। शुरू से ही पृथ्वी को सूर्य के आसपास फेरा लगाने की योजना उसने किया। लेकिन हमें ऐसा नहीं लगता की हम लोग घुम रहे हैं!!! (बच्चों को क्लास में घुमाएं और ऐसे ही क्लास के दूसरे कोने में जाने को कहिए)। कितना कठीन होता होगा यदि हम पृथ्वी का घुमना महसूस करते? जिस प्रकार परमेश्वर ने पृथ्वी पर गति स्थापित किया, उसने हमारे जीवन मे भी गति का योजना बनाया। जीवन के लिए परमेश्वर के योजनाओं मे इन बातों पाई जाति है-कार्य करते रहना, जोखिम उठाना और रास्ता कठीन होने पर भी उसकी आज्ञा को मानना। वास्तवमें गति के विना हम क्लान्त हो जाते हैं और दूसरे चीजों को ढुंढने लगेंगे। जिस प्रकार पृथ्वी घुमता रहता है, परमेश्वर हमें मार्गदर्शन देता रहेगा। हमारे प्रतिउत्तर यह होना चाहिए, "हाँ प्रभु" और उसका आज्ञा पालन।

## स्नैक्स दिन 4

### बादल की खम्बें
(जलपान स्टेशन)

पॉपकॉर्न या फूले हुए चावल का इस्तेमाल बादलों को प्रदर्शित करने के लिए किया जा सकता है, जैसे कि मरूभूमि में इस्राएलियों की अगुवाई करना।
बादल का एक खंभा बनाने के लिए, एक लकड़ी की डंडी (लॉलीपॉप स्टिक) को चिपचिपे सिरप/टमाटर सॉस/चटनी में डुबोएं और फिर इसे पॉपकॉर्न या मुरमुरे के कटोरे में डालें ताकि डंडी के चारों और पॉपकॉर्न चिपक जाए। अतिरिक्त मस्ती के लिए बच्चों को अपनी स्वयं की छड़ियाँ बनाने दें!



भोजनालय

फैक्टोइड़ (अंतरिक्ष अमलीकरण जिसे जलपान के दौरान चर्चा करें।)

### स्पेस शटल्स

जब से मनुष्य ने चन्द्रमा को देखा, तब से ही उसने उसमें जाने की इच्छा जताई है। आकाश के यात्रा मे इस बात पर ध्यान दोः "जमीन छोड़ने" के तुरन्त बाद आकाश यात्री "एस्केप भेलोसिटि" पर पहुँचते है और अपने इन्जनको बन्द करके आगे बढ़ते है। जब इन्जन बन्द होता है, उड़ान-यंत्र उसके ज्यादातर स्पीड मे उड़ता है! तुम और हमारे बारे में भी ऐसा ही है। हम भी यह समझते हैं की हमें कठीन परिश्रम करके अपने लक्ष्य प्राप्ति करना है। परन्तु, परमेश्वर हमे बैठने और प्रतिक्षा करने के लिए कहता है, जिस प्रकार आकाश यात्री के साथ होता है। हमें कुछ भी नहीं करना है, और परमेश्वरको कार्य करने देना है। जिस प्रकार आकाश यात्री उपर आकाश में अपने इन्जन को बन्द करके यात्रा करने के लिए विश्वास के साथ चलत हैं, हमें भी याद रखना है कि परमेश्वर जब रूकने के लिए कहता है तब हम वास्तवमें जल्दी यात्रा में आगे बढ रहे हैं!

## स्नैक्स दिन 5

### सूखी जमीन पर सागर पार
(जलपान स्टेशन)


खाने में इस्तेमाल किये जाने वाला नीले रंग का उपयोग करके, नीली जेली या गाढ़ा नीला कस्टर्ड बनाएं और जमने के लिए एक बड़े बर्तन में डालें। यदि चाहें, तो पूरी तरह से जमने से पहले मछली को प्रदर्शित करने के लिए छोटे चॉकलेट के टुकड़े या 'Gems' डालें। सूखी भूमि को दर्शाने के लिए मध्य भाग को काट के हटा दें जहाँ से इस्राएली लाल सागर को पार करते समय गुजरे थे।



फैक्टोइड़ (अंतरिक्ष अमलीकरण जिसे जलपान के दौरान चर्चा करें।)

### सुपर नोभास

कई नक्षत्र इतने बड़े हो जाते हैं और उनके भितर इतना प्रेसर बन जाता है कि वह उस प्रेसर को सह नहीं सकते हैं। इस प्रकार वह बढता ही जाता है और एक समय आता है जब नक्षत्र विस्फोट होकर आकाश पर ही अनेक टुकड़े हो जाता है! वैज्ञानिक इसे सुपर नोभास कहते है। परमेश्वर ने जब इस्राएलीयों को बन्धवाई से छुड़ाया और लाल समुद्र पार करके मृत्यु से बचाया, उनके भीतर कृतज्ञता और आनन्द बहुत बड़े प्रेसर बनाया होगा। मैं कल्पना कर सकता हूँ कि उन्हें भी छुड़ानेवाला परमेश्वर के आराधना में विस्फोट होना पड़ा था! सुपरनोभा के समान ही, तुम और मै भी हमारे जीवन में परमेश्वर के कार्य के प्रति आराधना में विस्फोट हो सकते हैं; हमें बचाने वाले परमेश्वर को धन्यवाद और प्रशंसा देने के लिए!



13659

www.ChildrenAreImportant.com
info@childrenareimportant.com

Equip & Grow
बच्चें महत्वपूर्ण है